RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 08 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 104 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी जैसा कोई दूसरा मजबूत नेता नहीं: अजित पवार

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि उन्हें आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा कोई अन्य मजबूत नेता नहीं दिखता। पुणे में पत्रकारों से बातचीत में अजित पवार ने कहा कि एकनाथ शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में शामिल होने के उनके फैसले के लिए कुछ लोग उनकी आलोचना कर सकते हैं, लेकिन कोई व्यक्ति अपने ''अनुभवों के आधार पर अलग राय रख सकता है।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार के भतीजे अजित पवार दो जुलाई को पार्टी के आठ विधायकों के साथ शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए। रविवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अजित पवार लंबे समय के बाद सही जगह पर आए लेकिन बहुत देर से आए।

शाह की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, अजित पवार ने कहा कि उन्होंने पूर्व में दोहराया था कि राज्य को विकास की दिशा में ले जाने, क्षेत्र में बदलाव लाने, कई मुद्दों का समाधान निकालने और निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके काम पूरा करने में मदद करने के लिए उन्होंने शिवसेना-भाजपा गठबंधन में शामिल होने का निर्णय लिया। अजित पवार ने कहा, आज, मैं व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रीय स्तर पर नरेन्द्र मोदी जितना मजबूत कोई दूसरा नेता नहीं देखता। मुझे कोई दूसरा विकल्प नजर नहीं आता। कुछ लोग मेरे पिछले बयानों का हवाला देकर मेरी आलोचना करते हैं, लेकिन कोई आदमी अपने अनुभव के आधार पर अलग-अलग राय रख सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 500 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 25,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिसमें महाराष्ट्र के 44 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। शाह की सराहना करते हुए अजित पवार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद ''साहसी फैसले लिए जो पिछले 20 से 22 वर्षों में नहीं लिए गए थे। शाह की हालिया यात्रा के दौरान उनके साथ निर्वाचन क्षेत्रों की समीक्षा के संबंध में एक बैठक को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमने महा-युति (भाजपा, शिवसेना और राकांपा का गठबंधन) पर संक्षिप्त चर्चा की, लेकिन राज्य में केंद्र की 80,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

# लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बोलेंगे राहुल गांधी, इस दिन कर सकते हैं बहस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गई। अब वह मंगलवार (8 अगस्त) को लोकसभा में होने वाली अविश्वास प्रस्ताव चर्चा में बोलेंगे। संभावना है कि वह कल सदन में कांग्रेस की ओर से बहस की शुरूआत करेंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर संसद के निचले सदन में 8-10 अगस्त के बीच चर्चा होगी। राहुल गांधी मणिपुर मुद्दे पर सरकार के खिलाफ विपक्ष के आरोप का नेतृत्व कर सकते हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, हम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सभी विफलताओं का विश्लेषण करेंगे और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि कांग्रेस की मजबूत भागीदारी होगी। मुझे उम्मीद है कि राहुल गांधी बोलेंगे और हम सरकार के सवाल पर जोरदार बहस करेंगे। उन्होंने कहा, असफलता की शुरूआत मणिपुर से होती है, जो एक मुख्य मुद्दा है जिस पर हम सभी चर्चा करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाए जाने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गई। इस संबंध में लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी की।




# लिव-इन पार्टनर के सामने चलती जीप में विधवा से गैंगरेप, पुलिस ने छुड़ाया...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बीड जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां चलती जीप में एक विधवा महिला से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। आरोप है की दो लोगों ने महिला के साथ उसके लिव-इन पार्टनर के सामने ही यह घिनौना काम किया। आरोप है कि पीड़ित महिला का प्रेमी भी इस वारदात में शामिल है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित विधवा महिला के प्रेमी और तीन अन्य लोगों के खिलाफ बीड की शिवाजीनगर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रताड़ना के बाद महिला को एक गांव में ले जाया गया, जहां एक महिला ने पाइप और चप्पलों से उसकी पिटाई की। बीड शहर के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय महिला के पति की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। उक्त महिला का पिछले एक वर्ष से एक व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध है। दोनों बीड में एक साथ लिव-इन में रहते हैं। इसी बीच शुक्रवार को जब महिला बार्शी रोड से जा रही थी तो उसका प्रेमी वहां जीप से आया और महिला को गाड़ी की बीच वाली सीट पर बैठा लिया। पीड़िता के मुताबिक, इसके बाद जीप बार्शी नाका की ओर चल पड़ी। उसी दौरान गाड़ी में बैठे प्रेमी के भाई और एक अन्य शख्स ने महिला के बाल पकड़ लिए और उसका सिर गाड़ी के दरवाजे पर दे मारा।

# गौतम बुद्ध और समाज सुधारकों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर संभाजी पर मामला दर्ज

ठाणे : गौतम बुद्ध और ज्योतिबा फुले तथा पेरियार नायकर जैसे समाज सुधारकों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों की शिकायत के बाद जिले की नवी मुंबई पुलिस ने हिंदुत्व की विचारधारा वाले एक संगठन के नेता संभाजी भिड़े के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इससे पहले कहा था कि पिछले महीने अमरावती में भाषण के दौरान महात्मा गांधी की वंशावली के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए श्री शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान संगठन के संस्थापक भिड़े के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



महात्मा गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए भिड़े के खिलाफ कार्रवाई की विपक्षी दलों की मांग के बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले हफ्ते कहा था कि राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ताजा मामले में नवी मुंबई के पनवेल में रहने वाले अधिवक्ता अमित कटर्नावरे ने न्यू पनवेल पुलिस थाने में शिकायत देकर भिड़े पर आरोप लगाया कि उन्होंने गौतम बुद्ध, ज्योतिबा फुले और पेरियार नायकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है जिससे उन्हें मानने वालों की भावनाओं को ठेस लगी है। शिकायत में कुछ ऑनलाइन वीडियो का हवाला दिया गया है जिसमें भिड़े को कथित तौर पर समाज सुधारकों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते देखा गया था। पुलिस ने जांच के बाद रविवार को भिड़े के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए और 153-बी, 295-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की । उन्होंने कहा, प्राथमिकी में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधान भी शामिल हैं। इससे पहले, शिरडी के साईं बाबा और फुले के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक अगस्त को भिड़े के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक शहर में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में पुलिस ने यह प्राथमिकी अमरावती पुलिस को भेज दी जहां उन्होंने कथित टिप्पणी की थी।

# रायगढ़ में नाबालिग लड़की से बार-बार दुष्कर्म करने का आरोपी व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में 50 वर्षीय ऑटोरिक्शा चालक को पड़ोस में रहने वाली 13 साल की लड़की से बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पनवेल के रहने वाले आरोपी ने 2020 से 2022 के बीच 10 बार पीड़िता से कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया गया।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# नकारात्मक राजनीति...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों के नकारात्मक रवैये का संकेत करते हुए यह जो कहा कि वे अभी भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं और न तो खुद कुछ करना चाहते हैं और न ही दूसरों को करने देना चाहते हैं, उससे इन्कार करना कठिन है। नकारात्मकता की राजनीति के कारण ही संसद का मानसून सत्र बाधित है। विपक्ष एक ओर तो मणिपुर की घटनाओं को लेकर बहुत ही चिंतित और व्यथित नजर आ रहा है, लेकिन वह उस पर संसद में सार्थक चर्चा भी नहीं होने दे रहा है। यह समझना कठिन है कि दिल्ली में सेवाओं संबंधी विधेयक पर विपक्ष ने जिस तरह लोकसभा की चर्चा में भाग लिया, उसी तरह वह अन्य विधेयकों के पेश और पारित होने में शामिल होना क्यों आवश्यक नहीं समझ रहा है। संसद तभी चल सकती है जब सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों के बीच कोई समझबूझ और समन्वय कायम हो, लेकिन पिछले कुछ समय से यह देखने में आ रहा है कि सत्तापक्ष और विपक्ष किसी भी मसले पर एकमत नजर नहीं आते। यही कारण है कि संसद में सार्थक बहस का अभाव बढ़ता चला जा रहा है। बात केवल मानसून सत्र में हो रहे हंगामे की ही नहीं है, इसके पहले भी जो सत्र हुए, उनका अधिकांश हिस्सा गतिरोध और हंगामे की भेंट चढ़ गया। यहां तक कि बजट सत्र में भी हंगामा ही होता रहा। बजट सत्र के दौरान इतना अधिक हंगामा हुआ कि आम बजट को बिना चर्चा के ही पारित करना पड़ा। मोदी सरकार के इस कार्यकाल में यह स्मरण करना कठिन है कि किस विधेयक पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गहन-विस्तृत चर्चा हुई थी। विपक्ष को यह समझना चाहिए कि विरोध के लिए विरोध की राजनीति से वह अपना ही नुकसान कर रहा है। मानसून सत्र में विपक्षी दलों ने जैसा रवैया दिखाया, उससे आम जनता के बीच यही संदेश गया कि वे जानबूझकर संसद को नहीं चलने देना चाहते हैं। विपक्षी दलों को यह समझना चाहिए कि संसद में हंगामा करके उन्हें कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। इसके विपरीत आम जनता यह देख-समझ रही है कि उसकी नकारात्मक राजनीति कई अहम मसलों पर समाधान निकलने में बाधक बन रही है।

विपक्ष अपने इस रवैये के पीछे चाहे जैसे तर्क दे, लेकिन उसे इसकी अनुभूति होनी चाहिए कि संसद की गरिमा और महत्व कायम रखने के लिए उसकी भी उतनी ही जिम्मेदारी है जितनी कि सत्तापक्ष की। सत्तापक्ष और विपक्ष में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन लोकतंत्र तो मतभेदों के बीच समन्वय कायम करने की विधा है। यदि सत्तापक्ष और विपक्ष में सामंजस्य का अभाव इसी तरह बढ़ता रहा तो इससे केवल संसद की गरिमा ही नहीं गिरेगी, बल्कि पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक कटुता भी बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त यदि विधेयक समय पर संशोधित-परिवर्तित और पारित नहीं होते तो उससे देश की प्रगति का काम भी रुकेगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पांच रुपए फीस भरने के नाम पर धोखाधड़ी

## ऑनलाइन मंगाया जूता...

**मुंबई :** जुहू में रहने वाला 20 साल का एक छात्र साइबर फ्रॉड का शिकार हो गया। छात्र ने जूते ऑनलाइन बुक किए थे लेकिन बुकिंग के पांच दिन बाद भी उसे जूतों की डिलीवरी नहीं मिली, तब उसने गूगल पर सर्च कर कूरियर कंपनी का नंबर निकाला और साइबर ठगों ने प्रोसेसिंग के नाम पर उससे 1.59 लाख रुपये की ठगी कर ली। जुहू पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, रोशन सिंह ने जूते ऑनलाइन बुक किए थे। जिसकी डिलीवरी में काफी समय लग गया, इसलिए उसने गूगल पर कूरियर कंपनी का नंबर सर्च किया। उन्होंने गूगल पर मिले नंबर पर कॉल कर जूते की डिलीवरी के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि लड़का जूते की डिलीवरी देने आया था लेकिन आपने उसका फोन उसने नहीं उठाया। सिंह से कहा गया कि अगर जूतों की जल्दी जरूरत है तो ऑर्डर का ट्रैकिंग नंबर बताएं और पांच रुपये देने होंगे। पांच रुपये जमा करने के लिए उसने सिंह को एक लिंक भेजा और ऑनलाइन जाकर पांच रुपये जमा करने को कहा। सिंह ने उस लिंक पर क्लिक किया लेकिन पांच रुपये ट्रांसफर नहीं हुए। जिसके बाद सिंह को एक और लिंक भेजा गया।



दूसरे लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्होंने वहां अपना नाम और मोबाइल नंबर रजिस्टर किया, जिसके बाद उन्हें बताया गया कि आधे घंटे में उनके खाते से पांच रुपये कट जाएंगे और उन्हें आज ही अपने जूते की डिलीवरी मिल जाएगी। आधे घंटे बाद सिंह के तीन अलग-अलग बैंक खातों से 1.59 लाख रुपये कट गए। जैसे ही ये पैसे कटे, सिंह ने तुरंत अपने सभी बैंक खाते बंद कर दिए और जुहू पुलिस को सूचित किया। जुहू पुलिस ने सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाराष्ट्र में पानी से भरी खदान में तैरने गया था युवक

## नहीं लगा गहराई का अंदाजा... डूबने से हुई मौत

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पानी से भरी खदान में तैरने गए 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई. ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासिन तड़वी ने सोमवार को बताया कि तुर्भे इलाके के इंदिरा नगर में रहने वाला हिमांशु म्हात्रे रविवार शाम को एक खदान में तैरने गया, लेकिन उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लगाया पाया और पानी में डूब गया. यासिन तड़वी ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने तलाश अभियान चलाया, लेकिन रात को अंधेरे के कारण अभियान रोकना पड़ा. एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे आपदा मोचन बल (टीडीआरएफ) का एक दल सोमवार सुबह करीब सात बजे



खदान में उतरा और शव बाहर निकाला. शव को पोस्टमार्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया है. अधिकारी ने बताया कि रबाले पुलिस ने अभी दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है.

इससे पहले ठाणे जिले के कल्याण में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी. यहां तीन भाइयों ने मिलकर बहन के लिव-इन पार्टनर की कथित तौर पर हत्या कर दी. हत्या करने के बाद उसके शव को उल्हास नदी में में फेंक दिया. हत्या के मामले में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. खड़कपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मृतक का नाम शहबाज शेख है और उसकी उम्र 21 साल है. पुलिस ने बताया कि शहबाज का शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है. प्राप्त जानकारी के अनुसार टिटवाला का रहनेवाला शहबाज शेख तलाकशुदा मुमताज के साथ लिव-इन रिलेशनशिप था. दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था. बहन के साथ विवाद को देखते हुए उसके 2 सगे भाई और एक मुंहबोले भाई ने शहबाज को सबक सिखाने का फैसला किया.

## दो महिलाओं की पिटाई के आरोप में मामला दर्ज




**ठाणे :** नई मुंबई पुलिस ने मामूली विवाद को लेकर दो महिलाओं के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उप-निरीक्षक दयानोबा दुलगंडे ने बताया कि 27 वर्षीय महिला और उसकी सास पर कथित हमले को लेकर शनिवार को खारघर पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

## संसद पहुंचे राहुल गांधी, विपक्षी सांसदों ने किया जोरदार स्वागत



**महाराष्ट्र :** लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद सोमवार को राहुल गांधी संसद पहुंचे जहां कांग्रेस और उसके कुछ अन्य सहयोगी दलों के सांसदों ने उनका स्वागत किया और उनके समर्थन में नारेबाजी की। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के एनके प्रेमचंद्रन और कई अन्य विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर राहुल गांधी का स्वागत किया। विपक्षी सांसदों ने 'राहुल गांधी संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं और 'राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। 'मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा शुक्रवार चार अगस्त को रोक लगाए जाने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गई।




# पति का गला दबाकर निर्मम हत्या करने वाली पत्नी गिरफ्तार





**कल्याण :** पति का गला दबाकर निर्मम हत्या करने वाली पत्नी को टिटवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर सलांखों के पीछे पहुंचा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, टिटवाला के बनेली क्षेत्र की रहनवाली एक महिला ने अपने पति का मात्र इसलिए गला दबा कर हत्या कर दी, क्योंकि उसका पति दारू पीकर उससे झगड़ा करता था। बता दें कि टिटवाला के बनेली क्षेत्र की रहनेवाली रीना (काल्पनिक नाम) नामक महिला का पति राजू मोरे (काल्पनिक नाम) को दारू पीने की आदत थी और वह दारू पीकर घर आता था और पत्नी के साथ लड़ाई करता था। तीन अगस्त को भी उसका झगड़ा हुआ, जिससे गुस्साई पत्नी ने पति का गला दबाकर मौत के घाट सुला दिया। पुलिस ने एडीआर के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को पता चला कि राजू की गला दबा कर हत्या की गई है। पुलिस ने शक के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। फिलहाल, टिटवाला पुलिस ने महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू किया है।

# 'वादा तोड़ना, झूठा वादा नहीं होता...'

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने रेप के आरोपी को किया बरी

**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने हाल ही में बलात्कार के एक आरोपी को आरोप मुक्त कर दिया और निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया। मामला शादी का वादा करके रेप करने के आरोप का था। युवती ने इस मामले में एफआईआर कराई थी कि युवक ने उससे शादी का झूठा वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। केस रेप की धाराओं में दर्ज किया गया था। हाई कोर्ट के समक्ष आरोपी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया, जिसके आधार पर हाई कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ केस ड्रॉप कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि वादा तोड़ने का मतलब झूठा वादा नहीं होता।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि शादी के वादे से पीछे हटना झूठा वादा नहीं होता। हर मामले को शादी का वादा करके संबंध बनाना रेप नहीं होता। यह मानकर आरोपी को सजा देना मूर्खता होगी। सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश का हवाला हाई कोर्ट ने लिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर कोई शादी का वादा करता है और महिला सहमति से यौन संबंध बनाती है तो यह धोखा देना ही नहीं हुआ। वादे के उल्लंघन को झूठा वादा नहीं कहा जा सकता है। अधिवक्ता लोकेश जाडे ने हाई कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके मुवक्किल के मामले पर लागू होता है। उन्होंने तर्क दिया कि दोनों के बीच शादी का प्रस्ताव था और एक पारिवारिक बैठक भी थी। युवक और युवती दोनों जुलाई 2014 से नवंबर 2014 तक रिश्ते में रहे। दोनों के संबंध सहमति से थे। कोई बल प्रयोग नहीं किया गया। आरोपी ने शादी का झूठा वादा नहीं किया था।

## लोवर कोर्ट का आदेश पलटा

**निचली अदालत ने 3 अगस्त, 2019 को उनकी आरोपमुक्त करने की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि प्रथम दृष्टया मुकदमा चलाने का मामला है। प्राथमिकी में कहा गया था कि वह जून 2014 में एक पारिवारिक मित्र के माध्यम से शादी के प्रस्ताव के लिए आरोपी से मिली थी। उसने यह भी दावा किया कि जुलाई में उसकी मां ने शादी के लिए अपनी सहमति दी थी और उसके परिवार को शादी का आश्वासन दिया था, जिसके बाद जब उसने शादी के आश्वासन पर संभोग किया तो उसने उससे मिलना शुरू कर दिया। युवती का आरोप था कि युवक ने उसे धमकी दी और गालियां भी दीं। दोनों के संबंध सहमति से बने। युवक ने युवती के साथ बल प्रयोग नहीं किया। हाई कोर्ट के अभियोजक वाईवाई डबके की ओर से अधिवक्ता प्रियंका चव्हाण को भी सुनने के बाद उनकी याचिका का निपटारा कर दिया।**

# मुंबई से घर आ रहे युवक की ट्रेन में मौत!



**मुंबई :** मुंबई से कमाकर घर लौट रहे व्यक्ति की शनिवार को ट्रेन में मौत हो गई। सूचना पर शाहगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचे परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव घर लेकर चले आए। जंगीपुर निवासी इंद्रसेन बिंद(45) रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते थे। शनिवार को वे गोदान ट्रेन से घर वापस लौट रहे थे। मध्य प्रदेश के आसपास अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और मौत हो गई। सूचना पाकर रविवार शाम को परिवार के लोग शाहगंज स्टेशन पहुंचे और शव को घर ले आए। मृतक के तीन पुत्रियां व एक पुत्र हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मां ने ही अपने बेटे की हत्या कर दी, १० वर्ष की सजा





**डोंबिवली :** मां अपनी औलाद के लिए बड़े से बड़े तूफान से टकराने में गुरेज नहीं करती है। लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे भी वाकये सुनने या देखने को मिलते हैं कि एक मां ने ही अपने बेटे की हत्या कर दी। आज की तहकीकात भी इसी रिश्ते पर आधारित है, जहां एक मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को न चाहते हुए भी उसे मौत के घाट उतार दिया।

६ अगस्त २०१५ को डोंबिवली स्थित विष्णुनगर पुलिस स्टेशन को जानकारी मिली कि डोंबिवली-पश्चिम के पार्वती निवास बिल्डिंग में एक २० वर्षीय युवक अशोक हीरालाल चौधरी की डेडबॉडी पड़ी है। खबर मिलने के बाद पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अभी जांच में ही जुटी थी कि उसे पोस्टमार्टम द्वारा जानकारी मिली कि अशोक की हत्या गला दबाकर की गई है, जिसके बाद पुलिस ने घरवालों से पूछताछ करना शुरू किया। हालांकि, पुलिस को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। अशोक की मां प्यारी हीरालाल चौधरी (४५) ने पुलिस को बताया कि उसने ही अपने २० वर्षीय बेटे की हत्या की है। उसने पुलिस को आगे बताया कि अशोक नशे का आदी हो गया था, उसे गांजा, अफीम जैसे नशीले पदार्थों का नशा करने की आदत पड़ गई थी। पैसों के लिए उसने घर में चोरी भी करना शुरू कर दिया था। घरवालों द्वारा बार-बार समझाने पर भी वह नहीं मानता था और पैसे के लिए मारपीट करता था।

घटना वाले दिन भी अशोक ने अपनी मोटरसाइकिल बनवाने और नशे के लिए मां से पैसों की मांग की। जब मां ने पैसा देने से मना किया तो वह झगड़ा करने लगा। इतना ही नहीं, उसने मां के साथ ही मारपीट भी की और जबरन पैसे लेकर घर से बाहर चला गया। देर रात जब वह घर लौटा तो नशे में धुत था, तब अशोक की मां प्यारी चौधरी ने उसकी हत्या करने का प्लान बनाया। अशोक जब नशे की हालत में गहरी नींद में सो गया, तब प्यारी चौधरी ने कंप्यूटर के तार से उसका गला घोंट दिया और उसे मौत की नींद सुला दिया। प्यारी चौधरी के अंदर अशोक के प्रति इतना गुस्सा था कि जब तक अशोक के सांसें बंद नहीं हो गईं तब तक उसने गला दबाए रखा।

# दादा अब सही जगह पर बैठे हैं, अमित शाह का बड़ा बयान



**पुणे :** अमित शाह सहकारिता विभाग के कार्यक्रम के लिए पुणे आये हैं. इस मौके पर बोलते हुए अमित शाह ने अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनने की शुभकामनाएं दीं. 'दादा के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद मैं पहली बार पुणे आया हूं। मैं पहली बार उनके साथ मंच पर बैठा हूं। मैं पवार से कहना चाहता हूं कि लंबे समय के बाद आप सही जगह पर बैठे हैं। अमित शाह ने कहा, 'यह आपके लिए सही जगह है, लेकिन ऐसा लगता है कि आपने ऐसा किया है।' मंच पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार मौजूद थे. सहकारिता विभाग के 'डिजिटल पोर्टल' का उद्घाटन अमित शाह करेंगे. अमित शाह के कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने शुरूआत में अजित पवार पर टिप्पणी की. उन्होंने कहा, 'दादा के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद मैं पहली बार पुणे आया हूं और पहली बार हम एक साथ मंच पर हैं. दादा अब सही जगह पर बैठे हैं. लेकिन, उन्होंने ऐसा बहुत देर से किया.' अमित शाह के बयान के बाद अजित पवार ने सलाम करते हुए जवाब दिया. चूंकि अमित शाह पुणे आ रहे हैं इसलिए प्रशासन ने तैयारी कर ली है. हम सहकारिता विभाग का पूरा पोर्टल ला रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता से समृद्धि का संकल्प लिया है। मोदी ने 9 वर्षों में सहकारी क्षेत्र के माध्यम से देश के 60 करोड़ गरीबों की मदद की है। गरीबों की बुनियादी जरूरतें हैं. पिछले 70 साल में उनकी इच्छाएं पूरी नहीं हुईं. लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ 9 साल में सारे काम एक ही पल में कर दिए। अमित शाह ने कहा कि मोदी ने गरीबों की घर, बिजली, शौचालय, बैंक खाता जैसी सभी जरूरतें पूरी कीं.




# दहिसर-मानखुर्द चेक नाके पर बनेंगे अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल

## मुंबई में आने के लिए कनेक्टिविटी भी होगी उपलब्ध

### कमर्शल हब के साथ फूड प्लाजा और शॉपिंग सेंटर भी होगा,प्रॉजेक्ट पर बीएमसी 240 करोड़ रुपये करेगी खर्च...

**मुंबई:** ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या से जूझ रही मुंबई को आने वाले समय में राहत मिलने की उम्मीद है। अंतर्राज्यीय और राज्य के अन्य हिस्सों से आनेवाली बसों, टूरिस्ट गाड़ी को दहिसर और मानखुर्द चेक नाके पर रोक दिया जाएगा। इन गाड़ियों को वहां पार्किंग के लिए बीएमसी अंतराजीय बस टर्मिनल एवं कमर्शल हब बनाएगी। इस प्रॉजेक्ट पर बीएमसी 240 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी होने की उम्मीद है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2017-18 में ऑक्ट्राय सेवा खत्म कर जीएसटी लागू कर दी गई। दहिसर चेक नाका पर 24,628 वर्ग मीटर और मानखुर्द चेक नाका पर 29,774 वर्ग मीटर जगह है। यह जगह 2017 से खाली पड़ी है।

अधिकारी ने बताया कि दहिसर चेक नाके पर अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल बनने से गुजरात, राजस्थान, दमन दीव से आनेवाली गाड़ियों को रोक कर पार्क किया जाएगा। मानखुर्द चेकनाके पर बस टर्मिनल बनने से गोवा, पुणे और राज्य के अन्य जिलों से आनेवाली गाड़ियों को रोक कर पार्क कर दिया जाएगा। यहां आने वाले लोगों को टैक्सी, कैब, बस और मेट्रो जैसी कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। लोग आसानी से मुंबई के किसी भी हिस्से में जा सकेंगे।

**पार्किंग की समस्या गंभीर**

बीएमसी अधिकारी ने बताया कि चेक नाकों से 3,500 किमी से अधिक लंबी दूरी की बसें मुंबई में प्रवेश करती हैं, जिससे वाहन यातायात पर दबाव पड़ता है। इससे मुंबई में ट्रैफिक जाम, पार्किंग की समस्या और पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। चेक नाकों पर ट्रांसपोर्ट हब बनने से बाहरी गाड़ियों को मुंबई में प्रवेश से रोका जा सकेगा। बता दें कि मुंबई में ही करीब 42 लाख वाहन हैं। साथ ही मुंबई में ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भायंदर, वसई-विरार, डोंबिवली- कल्याण और भिवंडी से गाड़ियां आती-जाती हैं। इससे मुंबई में गाड़ियों के पार्किंग की समस्या गंभीर हो जाती है।





**बीएमसी एक साथ दो समस्याओं पर काबू पाना चाहती है**

मॉनसून के दौरान सड़कों पर हुए गड्ढों की वजह से बीएमसी की बहुत आलोचना हुई है। यह एक वजह बताई जा रही है कि बीएमसी अन्य राज्यों से आने वाली बसों और अन्य टूरिस्ट वाहनों को शहर के प्रवेश द्वारों पर ही रोकना चाहती है। इससे बीएमसी एक साथ दो समस्याओं पर काबू पाना चाह रही है। पहली है सड़क के गड्ढों की समस्या और दूसरी समस्या है शहर में प्रदूषण। इन वाहनों की वजह से मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे वाहनों से ही मुंबई में अवैध रूप से गुटखा और अन्य सामग्री भी आती है। आरटीओ को इस तरह की शिकायतें लगातार मिलती हैं। भारी वाहनों में यह सामग्री होने के कारण चेकिंग की भी समस्या पैदा होती है। दूसरे राज्यों से आनेवाली गाड़ियों को मुंबई के प्रवेश द्वार पर रोककर ऐसी सामग्री के शहर में आने आने से भी रोका जा सकेगा।

**सभी अंतर्राज्यीय बसें रुकेंगी**

अधिकारी ने बताया कि इस प्रॉजेक्ट के लिए दो कंसल्टेंट नियुक्त किए गए थे, उन्होंने इसकी पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। इसको जल्द ही मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। यह पायलट प्रॉजेक्ट है और इसके बाद मुलुंड, ऐरोली और वाशी में भी इसी तरह के बस टर्मिनल और कमर्शल हब बनाने की योजना है। मुंबई में गाड़ियों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए यह अगले 50 साल तक की योजना है। दोनों चेक नाकों पर बस टर्मिनल होंगे, जहां सभी अंतर्राज्यीय बसें रुकेंगी। साथ ही यहां फूड प्लाजा, वाणिज्यिक कार्यालय और शॉपिंग सेंटर की भी सुविधा उपलब्ध होगी। इन परिवहन केंद्रों की मेट्रो और बेस्ट बसों से भी कनेक्टिविटी होगी, ताकि लंबी दूरी के यात्री आसानी से मुंबई में अपने गंतव्य स्थान तक यात्रा कर सकें।

# डेंगू पर पहला स्वदेशी टीका विकसित

**मुंबई :** भारत जैसे देश में हर साल सैकड़ों लोग डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से मर जाते हैं। लेकिन बड़ी राहत वाली बात यह है कि जल्द ही इस बीमारी के इलाज के लिए स्वदेशी वैक्सीन लांच की जाएगी, जिसका नाम 'डेंगूसील' है। 'डेंगूसील' के ट्रायल में इसका जबरदस्त परिणाम देखने को मिला है। कोरोना काल में दुनियाभर को वैक्सीन देनेवाली पुणे की सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने डेंगू पर पहला स्वदेशी टीका विकसित किया है। हिंदुस्थान में बना डेंगू वैक्सीन 'डेंगूसील' का सफर अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है।

जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में किए गए इस वैक्सीन के पहले क्लिनिकल ट्रायल में चौंकानेवाले नतीजे सामने आए हैं। इसके दूसरे और तीसरे चरण का ट्रायल जल्द ही शुरू हो रहा है और पहले चरण में इस वैक्सीन का जबरदस्त प्रभाव देखा गया है। इसे देखते हुए अनुमान लगाया




गया है कि यह वैक्सीन जल्द ही भारतीयों की सेवा में शामिल हो जाएगी। इसके अलावा कहा गया है कि कंपनी इस वैक्सीन को आम आदमी के लिए किफायती बनाने की कोशिश कर रही है, जिससे डेंगू से बचाव के लिए एक नया कवच उपलब्ध होगा।

हिंदुस्थान में डेंगू की बीमारी आम है। इसके साथ ही मरीजों में इसके खिलाफ एंटीबॉडी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। इसलिए टीके की सटीक प्रभावशीलता का परीक्षण करने के लिए डेंगू मुक्त देश में पहले नैदानिक परीक्षण के लिए ऑस्ट्रेलिया को चुना गया। वहां १८ से ४५ साल के ६० वॉलंटियर्स पर वैक्सीन का ट्रायल किया गया। परीक्षण में टीके की सुरक्षा और प्रभावकारिता से संबंधित जबरदस्त निष्कर्ष सामने आए हैं।


# अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने मुंबई की ग्रीन एचवीडीसी लिंक परियोजना के लिए एक अरब डॉलर का वित्त जुटाया

**मुंबई :** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने मुंबई की ग्रीन हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) लिंक परियोजना के लिए एक अरब डॉलर का वित्त जुटा लिया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस 80 किलोमीटर की बहुआयामी परियोजना की मदद से मुंबई में नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति बढ़ेगी। एईएसएल (पूर्व में अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड) ने एक बयान में कहा कि इस लिंक का निर्माण कार्य अक्टूबर, 2023 में शुरू होगा। बयान के मुताबिक, ''एईएसएल ने एक अरब डॉलर के ग्रीन एचवीडीसी लिंक परियोजना के लिए सफलतापूर्वक वित्तपोषण हासिल किया है। इसकी मदद से शहर की बढ़ती बिजली मांग को हरित ऊर्जा के जरिये पूरा किया जा सकेगा।'' एचवीडीसी पारेषण तकनीक अन्य पारंपरिक प्रौद्योगिकियों से बेहतर है क्योंकि यह बिजली वितरण नेटवर्क को स्थिर करती है।

# सावन में मातोश्री में निकला कोबरा सांप,

## उद्धव ठाकरे भी रह गए हैरान...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की सियासत की चर्चा जब भी होती है, तो उसमें मातोश्री का नाम जरूर आता है. इस बीच, सावन में मातोश्री में सांप देखा गया. घटना 6 अगस्त यानि रविवार की है. वहीं, इसकी सूचना तत्काल वाइल्ड लाइफ एनिमल प्रोटेक्शन एंड रेस्क्यू एसोसिएशन से जुड़े लोगों को दी गई, जिसके बाद सांप का रेस्क्यू करने एक टीम पहुंची. इसका वीडियो भी सामने आया है.



सांप बंगले के परिसर में देखा गया. रेस्क्यू टीम से जुड़े लोगों ने बताया कि सांप जहरीला था और उसकी लंबाई लगभग 4 फीट थी. अगर किसी पर हमला कर देता तो बड़ी समस्या हो सकती थी. हालांकि, उसने किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया और उसका सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया. सांप कोबरा प्रजाति का था.

**दोपहर में मातोश्री में देखा गया सांप**

जिस समय यह घटना हुई, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी मातोश्री में मौजूद थे. उन्हें भी उस घटना की जानकारी दी गई तो वह सांप को देखने बाहर आए. सांप मातोश्री में दोपहर 2 बजे के आसपास देखा गया था. बताया जा रहा है कि सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल ले जाया गया, जहां उसे छोड़ा गया. रेस्क्यू टीम से जुड़े लोगों ने बताया कि सांप जंगल में ही रहता है. इसलिए वहां उसे ले जाकर छोड़ दिया जाएगा.

**सांप के रेस्क्यू का वीडियो आया सामने**

सांप के रेस्क्यू का एक वीडियो भी सामने आया है. वीडियो में दिख रहा है कि रेस्क्यू टीम का एक सदस्य सांप को पकड़ने की कोशिश कर रहा है. वहीं, सांप इधर-उधर भागता दिख रहा है. सांप दीवार पर चढ़ने की कोशिश भी करता है, लेकिन वह चढ़ नहीं पाता.हालांकि, बाद में सांप को एक छड़ी की मदद से उसे पकड़ लिया गया. इसके पहले सांसद संजय राउत के घर भी कुछ दिन पहले अचानक काला कोबरा निकल आया था, जब रोजाना की तरह सुबह मीडिया को संबोधित करने के लिए घर से बाहर आये थे.




# विपक्षी नेता अंबादास दानवे और औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री भुमरे के बीच बैठक में तीखी बहस



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री संदीपान भुमरे और राज्य विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे के बीच, निधि के समान वितरण को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में एक बैठक के दौरान तीखी बहस हुई। भुमरे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना खेमे से हैं, जबकि दानवे, उद्धव ठाकरे के विश्वस्त हैं। औरंगाबाद के कई विधायक भी जिला योजना समिति की इस बैठक में मौजूद थे, जहां भुमरे और दानवे के बीच यह बहस हुई।

**मामले का एक वीडियो वायरल हुआ है।**

वीडियो में देखा जा सकता है कि दानवे तालुकावार निधि वितरण का ब्यौरा मांग कर रहे हैं और कह रहे हैं कि प्रभारी मंत्री का पद किसी की जागीर नहीं है। वहीं, भुमरे ने जवाब दिया,''हां, यह अब हमारी जागीर है।''बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दानवे ने कहा, ''अगर मंत्री को लगता है कि प्रभारी मंत्री का पद उनकी जागीर है तो किसी न किसी को आवाज उठाने की जरूरत है। मंत्री अतुल सावे और अब्दुल सत्तार के अलावा शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक भी इस तरह से सोचते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि औरंगाबाद जिले में सिंचाई, कृषि और ग्रामीण विकास के लिए मिलने वाली निधि का इस्तेमाल दूसरे उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, जबकि बुनियादी कार्यों को तवज्जो नहीं दिया जा

# नवी मुंबई में 1.97 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने 1.97 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद रखने के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। तलोजा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर नवी मुंबई अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को तलोजा इलाके के पडघा गांव में एक चॉल के एक कमरे में छापा मारा। उन्होंने बताया कि वहां से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.97 लाख रुपये मूल्य का सुगंधित तंबाकू, सुपारी और पान मसाला बरामद किया गया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान गुड्डू मिंकू गुप्ता के रूप में हुई है, और वह दो अन्य व्यक्तियों की मदद से उत्पाद बेचने की कथित तौर पर योजना बना रहा था। उन्होंने बताया कि दो अन्य का पता लगाने के प्रयास भी जारी हैं और पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध और व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। महाराष्ट्र में 2012 से गुटखा और सुगंधित तंबाकू की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध है। 2018 में, राज्य सरकार ने गुटखा की बिक्री को गैर-जमानती अपराध बना दिया और इसके लिए सजा छह महीने से बढ़ाकर तीन साल कर दी।

# मुंबई तट के निकट नौका पलटने से एक व्यक्ति की मौत, एक लापता

**मुंबई :** मुंबई में वर्सोवा तट के निकट अरब सागर में तीन मछुआरों को ले जा रही एक नाव पलटने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा लापता हो गया जबकि तीसरा व्यक्ति तैरकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि तीनों शनिवार रात आठ से नौ बजे के बीच मछली पकड़ने के लिए नाव में सवार होकर वर्सोवा इलाके के देवाचीवाड़ी से रवाना हुए थे। अधिकारी ने स्थानीय लोगों और पुलिस के हवाले से बताया कि नाव समुद्र तट से लगभग दो-तीन किलोमीटर दूर पलट गई। उन्होंने बताया कि तीन व्यक्तियों में से एक तैरकर सुरक्षित बाहर आ गया। उसकी पहचान विजय बामनिया (35) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोगों के अनुसार, अन्य दो व्यक्तियों की पहचान उस्मानी भंडारी (22) और विनोद गोयल (45) के रूप में हुई है।

# ठाणे-भिवंडी के बीच चलने वाली मेट्रो का प्री-कॉस्ट स्ट्रक्चरल एलिमेंट तैयार

**ठाणे :** ठाणे-मेट्रो ५-ए (ठाणे-भिवंडी) के बीच चलने वाली मेट्रो का प्री-कॉस्ट स्ट्रक्चरल एलिमेंट तैयार कर दिया गया है, जिससे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। हालांकि, मेट्रो संचालन से जरूरी है रखरखाव की व्यवस्था, जिसकी अभी तक कोई रूपरेखा तैयार नहीं की गई है। इस रूट के कार डिपो का निर्माण कार्य अभी तक शुरू ही नहीं हुआ है। इस सप्ताह की शुरूआत में धामनकर नाका मेट्रो स्टेशन के लिए अंतिम प्लेटफॉर्म लेवल 'एल' बीम के निर्माण के साथ मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने ११.८८ किमी लंबी ऑरेंज लाइन के साथ सभी छह स्टेशनों के लिए संपूर्ण निर्माण कार्य पूरा कर लिया। मेट्रो-५ के पहले चरण के छह स्टेशन बाल्कुम नाका, काशेली, काल्हेर, पूर्णा, अंजुरफाटा और धामनकर नाका हैं। कुल १,०९८ स्टेशन एलिमेंट बनाए गए थे, जिनमें स्पाइन, विंग्स, यू गर्डर्स, पिलर आर्म्स और एल बीम आदि



जैसे अलग-अलग एलिमेंट शामिल थे। उन्हें खड़ा करने और लॉन्च करने के लिए ८० मीट्रिक टन से लेकर ५०० मीट्रिक टन क्षमता वाली क्रेन और पुलर हाइड्रोलिक एक्सल का उपयोग किया गया था।

इसके साथ ही इस कॉरिडोर के स्टेशन का ७३.३५ प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। साथ ही इस कॉरिडोर का ८०.५ प्रतिशत वायाडक्ट हिस्सा अब पूरा हो चुका है। ६ स्टेशनों सहित ११.८८ किमी में से ९.८७ किमी वायाडक्ट एलिवेटेड खंड का निर्माण कार्य पिलर्स के ऊपर कुल १,२१८ प्री कॉस्ट एलिमेंट को खड़ा करके पूरा किया गया है। इसमें पियर वैष्ठप, यू गर्डर, आई गर्डर, बॉक्स गर्डर, पैरापेट वॉल आदि शामिल हैं।

# अंधेरी का गोखले ब्रिज ६ महीने देरी से चल रहा है काम

**मुंबई :** अंधेरी का गोखले ब्रिज भी है, जो सरकार और मनपा की गड़बड़ियों के चलते लगभग ६ महीने विलंब से चल रहा है। मनपा सूत्रों की मानें तो यह परियोजना पहले दीपावली तक पूरी होनी थी, लेकिन अब यह अगले वर्ष तक जाने की संभावना जताई जा रही है। इतने लंबे समय के बाद अब जाकर इसके गर्डर का काम शुरू हुआ है।

जानकारों की मानें तो इस परियोजना के लिए नियुक्त ठेकेदार ने अंधेरी में गोखले पुल के लिए गर्डर असेंबली का काम शुरू कर दिया है।




काम में तेजी लाने के लिए ५० टन तक सामग्री उठाने की क्षमता वाली क्रेन लगाई गई है। पिछले हफ्ते लगभग ६२ टन गर्डर्स को अंबाला फैक्ट्री से अंधेरी साइट तक पहुंचाया गया है। जुलाई में उत्तर भारत में भारी बारिश के कारण हरियाणा के अंबाला कारखाने में जलभराव हो गया, जिससे गर्डर्स को मुंबई भेजने में देरी हुई। अब गार्डर असेंबल किया जाएगा। उनके अंतिम लॉन्च से पहले साइट पर पूरा गार्डर असेंबल किया जाएगा। इस पुल को नवंबर २०२३ तक खोलने का लक्ष्य था, लेकिन अब यह फरवरी तक जाने की उम्मीद है।

बता दें कि अंधेरी-पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला यह गोखले पुल १९७५ में बनाया गया था। ३ जुलाई, २०१८ को इस पुल का एक हिस्सा ढह गया था, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। नवंबर २०२२ से पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया था।

# ठाणे में सामाजिक कार्यकर्ता को पीटा और वसूली की कोशिश, 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक सामाजिक कार्यकर्ता को पीटने और उससे हफ्ता वसूली करने की कोशिश के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नौपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं महाराष्ट्र राज्य गटई चर्मकार संगठन के अध्यक्ष राजू चव्हाण द्वारा दर्ज कराई



गई शिकायत के अनुसार, वह शनिवार रात नौपाडा इलाके में अपने भाइयों की जूते की दुकान के पास थे, तभी दो आरोपी शशि और बाबा चार अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे और चव्हाण को कथित रूप से धमकाया। प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपियों ने चव्हाण को कथित रूप से पीटा और उनसे कहा कि यदि वह इलाके में कारोबार करना चाहते हैं, तो उन्हें 5,000 रुपये हफ्ता देना होगा। अधिकारी ने बताया कि इस हमले में चव्हाण घायल हो गए और उन्हें एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




# जायवर 365 ने वेब3 साइबर सुरक्षा को क्रांतिकारी बनाने के लिए 100 करोड़ डॉलर का निवेश किया सुनिश्चित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जायवर 365, एक कटिंग-एज वेब3 साइबर सुरक्षा स्टार्टअप, ने एसआरएएम एंड एमएआरएम ग्रुप, एक प्रमुख यूके आधारित निवेश फर्म से 100 करोड़ डॉलर का निवेश प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन हासिल किया है। सफल निवेश राउंड ने जायवर 365 को 1.2 अरब डॉलर के इम्प्रेसिव वैल्यूएशन पर मूल्यांकित किया है। इस स्टार्टअप की स्थापना पिछले वर्ष की शुरुआत में पर्ल कपूर और इथिकल हैकर सनी वाघेला द्वारा की गई थी, जो वैयक्तिक उपयोग और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करती है।

लंदन में मुख्यालय स्थित जायवर 365 ने भारत में मजबूत प्रत्याशा स्थापित की है, जिसका लक्ष्य देश को अपना संचालनिक केंद्र बनाना है। इस हाली के निवेश से जायवर 365 को भारतीय बाजार में अपने अभियांत्रिकी और पेशेवरता को बढ़ाने के लिए अवसर मिला है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण मेक इन इंडिया अभियान समेत भारत के आर्थिक विकास पहलों के साथ बिल्कुल समर्थन में आता है।

पुल्मान, नई दिल्ली में आयोजित एक उत्सवात्मक कार्यक्रम में जायवर 365 के संस्थापक, पर्ल कपूर और सनी वाघेला, ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा और भविष्य के योजनाओं को साझा किया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया के प्रस्तुति में आयोजित किया गया था, जिन्होंने भारत की आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जायवर 365 की मिशन में खुद को जुड़ने के लिए अपना उत्साह और समर्थन व्यक्त किया।




सह-संस्थापक पर्ल कपूर ने कहा, हम भारत के आर्थिक विकास का हिस्सा बनने और भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं विस्तारित करने के लिए समर्पित हैं। हमारा लक्ष्य प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करना है और भारत के 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान देना है। हमारी प्रतिबद्धता इस नई और अनोखी प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए अपने समर्थकों, निवेशकों और अनुदान से भरी टीम के साथ दो साल की अविश्वसनीय यात्रा रही है।

जायवर 365 का इनोवेटिव पोर्टफोलियो वेब3 उत्पादों की विविध श्रेणी से मिलकर बना है, जिसमें लेयर-0, लेयर-1 और लेयर-2 ब्लॉकचेन, डिसेंट्रलाइज्ड पहचान, डेटा विश्लेषण, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट्स, वेब ब्राउज़र, नॉन-फंगिबल टोकन (एनएफटी) मार्केटप्लेस, और इनिशियल कॉइन ऑफ़रिंग्स (आईसीओ) शामिल हैं। ये विकल्प व्यक्तिगत उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किए जा सकते हैं या इन्हें एक समग्र वेब3 पारिस्थितिकी को बनाने के लिए संयुक्त रूप से उपयोग किया जा सकता है। तारा सुतारिया ने कहा, मैं जायवर 365 के प्रति उत्साहित और प्रेरित हूं। मैं उनके नवाचारिक सेवाओं के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए उन्हें कामयाबी के बारे में देखने को बेताब हूं।

निवेश की यह माइलस्टोन पर टिप्पणी करते हुए, जायवर 365 के सह-संस्थापक और मुख्य उत्पाद अधिकारी सनी वाघेला ने कहा, इस पूंजी निधि के साथ, हम अब वेब3 और एआई उत्पादों के लिए अपने उत्पाद विकास को गतिशील बनाने के लिए अच्छी तरह से सजग हैं। यह निवेश हमारी वृद्धि को तेजी देने के साथ-साथ एक विविध पोर्टफोलियो के साथ वेब3 पारिस्थितिकी में हमारी पकड़ को भी मजबूत करेगा, जिसमें एआई और साइबर सुरक्षा से संबंधित उपयोग मामूली होंगे।

जायवर 365 को वेब3 पारिस्थितिकी जगत को क्रांतिकारी बनाने की योजना है, जिसमें नवाचारी और डिसेंट्रलाइज्ड समाधान श्रेष्ठता दिए जाते हैं, जो उपयोगकर्ता गोपनीयता, डेटा सुरक्षा, और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं। यह स्टार्टअप भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और वेब3 प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थान बनाने के लिए तैयार है।

# एकता को ट्रूकॉलर की ओर से दिया गया जॉब ऑफर

## सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी भारतीय लड़की एकता

### ट्रूकॉलर के सीईओ एलन ममेडी ने शेयर किया वीडियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों एक भारतीय लड़की का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। लड़की ने ऐसा बयान दिया था जिसकी वजह से उसकी ट्रोलिंग शुरू हो गई थी। लेकिन ट्रोल होना उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ है। इस लड़की का नाम एकता है और यह कनाडा में बायोटेक की पढ़ाई कर रही है। एकता का एक वीडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था। अब एकता को एक बड़ी कंपनी ट्रूकॉलर की ओर से नौकरी का ऑफर दिया गया है। बता दें कि सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफार्म है, जिसने बहुत से लोगों की किस्मत को पलट दिया है। एकता की किस्मत भी ट्रोल होने के बाद पलट गई है। आइए आपको बताते हैं पूरा मामला क्या है।





**इस वजह से हुई ट्रोल-** दरअसल भारत से कनाडा में पढ़ाई करने गई एकता ने एक वीडियो में कहा था कि भारत छोड़कर विदेश में पढ़ाई कर नौकरी करना उसकी महत्वाकांक्षा थी और बचपन से ये ही सपना देखा था। एकता ने कनाडा के बारे में कहा था कि उन्हें वहां की खूबसूरती, सूर्योदय और सूर्यास्त बहुत पसंद है, लेकिन लोगों को एकता की बात पसंद नहीं आई। इसी बात पर ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उसकी च्वाइस को भारत के खिलाफ मान लिया। हालांकि कुछ लोगों ने उसके सपने की तारीफ भी की।

**ट्रूकॉलर से मिला जॉब का ऑफर-** सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही एकता को अब ट्रूकॉलर से जॉब का ऑफर मिला है। अगर एकता की ट्रोलिंग नहीं होती और वीडियो वायरल नहीं हुआ तो उसे यह जॉब नहीं मिल पाती। ट्रूकॉलर के ष्टश्वह और को-फाउंडर एलन ममेडी ने एकता का वीडियो देखा। एलन ने न सिर्फ एकता को सपोर्ट किया बल्कि उसे अपनी कंपनी में नौकरी भी ऑफर भी दे डाला। एलन ममेडी ने ट्विटर पर एकता का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि लोग एकता की बात ठीक से समझ नहीं पाए हैं और मजाक बना रहे हैं। ये ठीक नहीं है। उन्होंने लिखा कि एकता आप अपने सपने की ओर जा रही हैं। जब आपकी पढ़ाई पूरी हो जाए तो पूरी दुनिया के किसी भी ट्रूकॉलर के ऑफिस में काम करने के लिए आपका स्वागत है।

**लाखों लोगों ने देखा वीडियो-** एकता के वीडियो को ट्विटर पर अब तक सात लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस वीडियो पर 500 से ज्यादा लोगों ने कमेंट किया है। वहीं इसे 4 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। यह वीडियो बहुत से लोगों को पसंद आ रहा है। वहीं काफी लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें एकता की बात पसंद नहीं आई है।

# कब आएगा ईपीएफ का ब्याज! घर बैठे चेक करें अकाउंट बैलेंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईपीएफओ ने फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के लिए 8.15 फीसदी ब्याज दर घोषित की है। वित्त मंत्रालय ने हाल में इसे मंजूरी दी थी जिसके बाद ईपीएफओ ने एक सर्कुलर के जरिए इसे नोटिफाई कर दिया था। माना जा रहा है कि इस बार ब्याज की राशि इसी महीने मेंबर्स के खाते में आनी शुरू हो जाएगी। लेकिन कुछ मेंबर्स ने ट्विटर पर शिकायत करनी शुरू कर दी है। कई मेंबर्स पूछ रहे हैं कि उनके अकाउंट में ब्याज कब आएगा। कई मेंबर्स की शिकायत है कि उनके अकाउंट में अभी पिछले फाइनेंशियल ईयर का ब्याज भी नहीं आया है। हालांकि ईपीएफओ ने मेंबर्स के संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। इपीएफओ पीएफ अकाउंट होल्डर के खाते में जमा राशि को कई जगहों पर निवेश करता है। इस निवेश से होने वाली कमाई का एक हिस्सा ब्याज के रूप में खाताधारकों को देता है। इससे ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक मेंबर्स को फायदा होगा। एक कर्मचारी की बेसिक सैलरी पर 12 फीसदी की कटौती ईपीएफ खाते के लिए की जाती है। अगर बात एम्प्लॉयर की करें तो उसकी तरफ से की गई कटौती का 8.33 फीसदी हिस्सा ईपीएस (कर्मचारी पेंशन योजना) में जाता है, जबकि बचा हुआ 3.67 फीसदी हिस्सा ईपीएफ में जाता है। पिछली बार सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन के कारण मेंबर्स के अकाउंट्स में देर से ब्याज का पैसा आया था। अगर आपके अकाउंट में एक लाख रुपये जमा हैं तो इस पर आपको 8,150 रुपये ब्याज मिलेगा। यानी पिछली बार की तुलना में प्रति लाख आपको 50 रुपये ज्यादा ब्याज मिलेगा।

## ऐसे चेक करें बैलेंस

अपने पीएफ खाते का बैलेंस जानने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे अपना बैलेंस चेक कर सकते हैं। इसके लिए आप ईपीएफओ की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना बैलेंस जान सकते हैं। इस साइट पर जाने के बाद ई-पासबुक पर क्लिक करें। इस पर क्लिक करने के बाद आपको अपना ह्र नंबर, पासवर्ड और कैप्चा भरना होगा। ऐसा करने पर आपको पीएफ खाते से जुड़ी जानकारियां दिखने लगेंगी। यहां आपको मेंबर आईडी दिखेगी।



## इंडिगो की जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट में डेढ़ घंटे एसी बंद रहा

### पूरे सफर के दौरान नहीं चला, पैसेंजर्स टिश्यू पेपर से पसीना पोंछते नजर आए



**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा ने इंडिगो फ्लाइट का एक अजीब वाकया शेयर किया है। उन्होंने दावा किया कि चंडीगढ़ से जयपुर की 90 मिनट की उड़ान के दौरान विमान में एसी ही नहीं काम कर रहा था। ऐसे में एयरहोस्टेस ने लोगों को पसीना पोछने के लिए टिशू पेपर बांटा। वह इंडिगो 6E7261 में सफर कर रहे थे। राजा ने विमान के अंदर का वीडियो साझा किया जिसमें लोग हाथ से मैगजीन या फिर टिशू पेपर से पंखा करते नजर आए। उन्होंने लिखा, जब चिलचिलाती धूप में 10 या 15 मिनट कतार में खड़े रहने के बाद विमान के अंदर पहुंचे तो पता चला कि एसी ही नहीं काम कर रहा है। हमें झटका लगा। टेकऑफ से लैंडिंग तक एसी बंद थे और पूरे सफर में हमें परेशान होना पड़ा। किसी ने इस रवैये पर गंभीरता से सवाल भी नहीं उठाया। उन्होंने कहा, एयरहोस्टेस ने मेहरबान होकर लोगों को पसीना पोछने के लिए टिशूपेपर दिए। बहुत सारी महिलाएं और बच्चे बेचैन हो उठे। ऐसे में मजबूर यात्री अपने हाथ से ही पंखा कर रहे थे। यह एक बड़ी तकनीकी खराबी थी लेकिन इनको केवल पैसे कमाने हैं। इसके लिए वे लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने डीजीसीए से एयरलाइन पर कार्रवाई करने की मांग की है जिससे किसी और को इस तरह परेशान ना होना पड़े।

# विकसित राष्ट्र की ओर कदम बढ़ा रहा है भारत: प्रधानमंत्री

### 1000 करोड़ से मध्यप्रदेश में होगा 34 रेलवे स्टेशनों का विकास

- **गत 9 वर्षों में रेलवे नेटवर्क में अभूतपूर्व विस्तार**
- **हर नागरिक के लिये सुलभ और सुखद यात्रा के साथ ही रेलवे स्टेशन पर अच्छा अनुभव**
- **रेलवे स्टेशन बन रहे हैं शहर और राज्यों की पहचान**
- **भारतीय रेल में विकास को रफ्तार देने की अपार संभावनाएँ**
- **वर्ष 2030 तक जीरो एमिशन पर चलेगी भारतीय रेल**
- **अगस्त कई दृष्टियों से विशेष माह**
- **प्रधानमंत्री ने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों शिलान्यास समारोह में वी.सी. द्वारा संबोधन दिया**
- **मुख्यमंत्री विदिशा से कार्यक्रम में शामिल हुए।**



**भोपाल।** प्रधानमंत्री ने कहा है कि आजादी के अमृत काल के प्रारंभ में ही भारत विकसित राष्ट्र होने की दिशा में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नये संकल्प के साथ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारतीय रेलवे के इतिहास में आज एक नये अध्याय की शुरूआज हो रही है, जब 25 हजार करोड़ रूपये की लागत से भारत के 508 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकता के साथ विकास और पुनर्निमाण कार्य प्रारंभ हो रहा है। ÷अमृत भारत रेलवे स्टेशनों योजना÷ में देश के 1300 स्टेशनों का विकास किया जाएगा। इस उपलब्धि के लिये मैं रेलवे मंत्रालय की सराहना करता हूँ और सभी देशवासियों को बधाई देता हूँ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अमृत भारत रेलवे स्टेशनों योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के विदिशा सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निमाण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधन दे रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस योजना में भारत के सभी राज्य लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश में 1000 करोड़ रूपये की लागत से 34 रेलवे स्टेशनों का विकास और पुनर्निमाण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में 4500 करोड़ रूपये की लागत से 55 रेलवे स्टेशनों का और महाराष्ट्र में 1500 करोड़ रूपये की लागत से 44 रेलवे स्टेशनों का विकास होगा। राजस्थान में 55 रेलवे स्टेशनों काविकास होगा। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और उत्तर पूर्व के राज्यों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गत 9 वर्षों में भारतीय रेलवे के नेटवर्क में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इस दौरान भारत में साउथ अफ्रीका, यूक्रेन, पॉलेंड, यूके, स्वीडन में जितना रेलवे नेटवर्क है, उससे अधिक नेटवर्क बिछाया गया। भारत में आधुनिक ट्रेन संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। आज भारतीय रेल विकास का प्रतीक बन गई है। भारत ने विश्व की चुनौतियों का स्थाई हल निकाला है। दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। दुनिया का भारत के प्रति रवैया बदला है।

## शाह-अजित पवार पहली बार मंच पर साथ आए

### गृह मंत्री बोले- दादा बहुत समय बाद सही जगह बैठे हो, आने में बहुत देर कर दी

**पुणे।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। शाह ने रविवार यानी 6 अगस्त को पुणे में सेंट्रल रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसाइटी (CRCS) का पोर्टल लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ पहली बार मंच साझा किया। शाह ने भाषण में कहा, सबसे पहले अजित दादा उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आए हैं और मैं पहली बार इनके साथ मंच साझा कर रहा हूं। मैं दादा को एक बात कहना चाहता हूं। दादा आप बहुत समय के बाद सही जगह पर बैठे हो। यही जगह सही थी, मगर बहुत देर कर दी आपने।

अमित शाह के पास गृह मंत्री के अलावा सहकारिता मंत्री का पद भी है। अमित शाह ने CRCS डिजिटल पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा- मैं घोषणा करना चाहता हूं कि आज सारा सहकारिता



का क्षेत्र डिजिटल हो गया है। अब इस पोर्टल से सारे काम होंगे।

### 2 जुलाई को शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम की शपथ ली थी

अजित पवार ने 8 विधायकों सहित 2 जुलाई को महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

शपथ के तुरंत बाद ट्विटर प्रोफाइल बदला और लिखा- डिप्टी सीएम ऑफ महाराष्ट्र। अजित 8 विधायकों छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ के साथ 2 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे राजभवन पहुंचे। 3 बजते-बजते ष्टरूशिंदे और डिप्टी ष्टरूदेवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में सभी को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बुधवार को शरद पवार को राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने का ऐलान किया। अजित ने खुद को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बताया।

## 2022 के अमरनाथ दर्शन का रिकॉर्ड टूटा

### इस साल अब तक 4.17 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ के दर्शन किए, यात्रा में 25 दिन बाकी



**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा में 1 जुलाई से अब तक 4 लाख 17 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि पिछले साल पूरे सीजन में 3 लाख 65 हजार यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। इसी के साथ पिछले साल का रिकॉर्ड टूट चुका है। यात्रा को अब 37 दिन हो चुके हैं।

### इस साल का 34वां बैच

अधिकारियों ने बताया कि 1626 यात्रियों का 34वां बैच हैं। यह बैच 6 अगस्त को करीब 3.30 बजे 64 वाहनों के साथ भगवती नगर के बेस कैंप से निकला। इसमें 2092 यात्री अनंतगढ़ जिले के पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं। 534 यात्री गंदेरबाल जिले के बालटास बेस कैंप के लिए जा रहे हैं। सुबह करीब 6.15 किला मोर्ह पर भारी भूस्खलन के बाद यात्रियों को चंद्रकोट यात्री निवास पर रोक दिया गया।

## शहजाद नदी की गन्दगी साफ न होने कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा : बु.वि.सेना

### *गोविन्द सागर बांध के गेट खुलने के पहले शहजाद नदी की सफाई कराई जाये*

*ललितपुर। स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में ललितपुर नगर के मध्य निकली शहजाद नदी की सफाई को लेकर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। सेना प्रमुख ने कहा कि शहजाद नदी शहर के मध्य से निकली है और इसके पुल से होकर प्रतिदिन बड़े बड़े नेता, अधिकारी तथा वीआईपी लोग गुजरते हैं तथा यहाँ से गुजरने पर तीक्ष्ण बदबू सहसा दिल को झकझोर देती है। उन्होने कहा कि पुल के आसपास बड़े पेड़ और झाड़ झंकड़ उग आये हैं जिनकी आड़ में लोग खुले में शौच करके प्रधानमंत्री की खुले में शौच के खिलाफ मुहिम को पलीता लगा रहे है। बु.वि.सेना ने अनेकों बार नगरपालिका का इस ओर ध्यानाकर्षित कराया गया परंतु नगरपालिका अधिशासी अधिकारी के कानों में जूं तक नही रेंग रही है। सेना ने जिला प्रशासन से मांग की कि अभी विगत दिनों में अच्छी बरसात होने कारण गोविन्दसागर बांध के गेट खोले जाने पर शहजाद नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना बनी हुई है। बांध के गेट खुलने के बाद बहुत सारा कचरा और जलकुम्भी पुल के आसपास फँस जाती है।*



*जिसके कारण बदबू और संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाता है अत~बाढ़ आने से पूर्व नदी की सफाई कराना परम आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि शहजाद नदी में खुली शहर की नालियाँ और सीवर को तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाये ताकि पानी को दूषित होने बचाया जा सके। नदी के आसपास का सौन्दर्यकरण करते हुए छायादार पेड़ लगाकर घाट बनाये जाये तथा उचित प्रकाश व्यवस्था की जाय। अँग्रेजों के जमाने के बने उत्त. पुल को ऊँचा करके रोड का चौड़ीकरण किया जाये ताकि प्रत्येक वर्ष बारिश के बाद आने वाली बाढ़ से होने वाली असुविधाओं से बचा जा सके। इस दौरान राजकुमार कुशवाहा, हनुमत, अमरसिंह बुन्देला, प्रेमशंकर गुप्ता, बी.डी.चन्देल, प्रदीप, पुष्पेन्द्रसिंह बुन्देला, कदीर खान, नीलू सेन, मुन्न त्यागी, गौरव विश्वकर्मा, जगदीश झा, नन्दराम कुशवाहा, पंकज रैकवार, गफूर पेन्टर, अमित जैन, कामता भट्ट, विक्की सोनी, रामेश्वर कुशवाहा, प्रदीप सोनी, महेन्द्र यादव, खेमचन्द, मनोज लोधी, पुष्पेन्द्र शर्मा, बृजेश पारासर, रोहित पटेल, खुशाल बरार, प्रमोद धानुक आदि उपस्थित रहे।*

# अपनी बेटियों के ब्वायफ्रेंड के लिए चंकी पांडे ने रखी यह शर्त



**हर** पिता चाहता है कि उसकी संतान के साथ-साथ उसकी बहू या दामाद भी उससे बेहतर हो। बेटी और दामाद के मामले में अभिनेता चंकी पांडे की सोच भी कुछ ऐसी ही है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान चंकी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपनी बेटी और अभिनेत्री अनन्या पांडे से यह जानने की कोशिश की है कि उनकी छोटी बेटी रायसा ने किसी ब्यायफ्रेंड को रिजेक्ट किया है या नहीं?

इसके जवाब में चंकी ने अपने बेटी के ब्वायफ्रेंड को लेकर अपनी शर्तें बता दी। उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जरूरत नहीं पड़ती है।

वह खुद ही रिजेक्ट कर देती है। मैंने उनको बोला है कि जो भी (ब्वायफ्रेंड) होगा, वह मुझसे बेहतर होना चाहिए। वहीं चंकी ने पहली बार अपनी बेटी अनन्या और अभिनेता आदित्य राय कपूर की डेटिंग की खबरों पर भी बात की।

दरअसल, फिल्मकार करण जौहर की जन्मदिन पार्टी से लेकर पुर्तगाल में छुट्टियां मनाने तक अनन्या और आदित्य कई बार एक साथ देखे गए। ऐसे में दोनों के बीच डेटिंग की खबरों ने भी खूब सुर्खियां बटोरी। हालांकि, अनन्या या आदित्य में से किसी ने भी इन खबरों पर हां या ना की कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस बीच चंकी ने सीधे इसका जवाब न देते हुए अफवाहों को कलाकार की जिंदगी का अहम हिस्सा बताया और कहा कि नहीं नहीं वो (अफवाहें) तो होने वाला है। कहते हैं न कि आप आत्मा से जीते हैं और आत्मा से ही मरते हैं। हम ग्लैमर के पेशे में हैं। यह सब (खबरें) तो आएंगी ही। आप इसे चाहकर भी नहीं रोक सकते हैं। इस पेशे में यह आम बात है।'

# मां बनीं इलियाना


**रुस्तम** एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों के कारण सुर्खियों में रही हैं। वहीं सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा है। इसी बीच उन्होंने फैंस को अपने मां बनने की खबर एक स्पेशल पोस्ट के जरिए दे दी है। जबकि उन्होंने बेटे का चेहरा और स्पेशल नाम भी फैंस को बता दिया है, जिसके बाद फैंस तारीफें करते नहीं थक रहे हैं और जमकर एक्ट्रेस पर प्यार लुटा रहे हैं।



इलियाना डिक्रूज ने एक पोस्ट शेयर किया है, दरअसल, 1 अगस्त को अपने बच्चे का एक्ट्रेस ने स्वागत किया और उन्होंने उसका नाम कोआ फीनिक्स डोलन रखा है। पोस्ट में बेटे की पहली तस्वीर शेयर की है, जिसमें न्यू बॉर्न को सोते हुए देखा जा सकता है। वहीं फोटो ब्लैक एंड वाइट दिख रही है। इस पोस्ट को शेयर करते ही अथिया शेट्टी, नरगिस फाकरी और डब्बू रतनानी जैसे सेलेब्स ने बधाई हो के मैसेज कमेंट में शेयर किया हैं। जबकि फैंस दिल की इमोजी शेयर कर रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए इलियाना ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि शब्दों में यह नहीं बताया जा सकता कि हम अपने प्यारे बेटे का दुनिया में स्वागत करते हुए कितने खुश हैं। दिल भर गया है। हालांकि, अभी तक इलियाना ने अपने पार्ट्नर का जिक्र नहीं किया है, लेकिन कुछ हफ्ते पहले उन्होंने अपनी डेट नाइट की तस्वीर शेयर करते हुए बॉयफ्रेंड का चेहरा फैंस के सामने दिखाया था।

# खुद को साबित करने के मौके नहीं मिले: विवेक

**अभिनेता** विवेक ओबेरॉय ने रामगोपाल वर्मा की फिल्म 'कंपनी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिर वह 'साथिया', 'युवा', 'मस्ती' और 'ओमकारा' समेत कई अन्य शानदार फिल्मों में नजर आए। इसके बाद उन्हें इंडस्ट्री में किनारे कर दिया गया। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान विवेक ने अपने स्टारडम पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाहरी ताकतों की वजह से उन्हें खुद को साबित करने के पर्याप्त मौके नहीं मिले।



विवेक ओबेरॉय ने वह वक्त याद किया जब उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में साइडलाइन कर दिया गया। कुछ लोगों की साजिश की वजह से उन्हें स्टारडम नहीं मिल पाया। एक्टर ने कहा कि जब खुद को साबित करने का मौका नहीं मिल पा रहा था तो वह काफी असहाय महसूस कर रहे थे और इस वजह से काफी हताश हो गए थे।

एक्टर ने कहा, 'यदि कुछ बुरा हुआ है, जैसे कि आपकी फिल्म ही नहीं चली, तो यह एक बात है। लेकिन, जब आप असहाय महसूस करें और साथ ही यह अहसास भी हो कि ऐसा आपके साथ बार-बार होने वाला है और आपको बहुत चालाकी से बाहर कर दिया जाएगा या आपको खुद को साबित करने का मौका तक नहीं मिलेगा तो वह स्थिति बहुत निराशाजनक होती है।

विवेक ओबेरॉय ने कहा, 'मैं निजी तौर पर सोचता हूं कि असहाय महसूस करने से ज्यादा बुरा कुछ नहीं होता। आपको पता है कि आपके साथ कुछ हो रहा है, लेकिन आप इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं।' जब एक्टर से पूछा गया कि क्या उन्हें पता है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार था? इस पर एक्टर ने कहा, 'बिल्कुल! मुझे पता है। यह छोटी सी इंडस्ट्री है। यह एक ओपन सीक्रेट है। लेकिन आपको इन सब चीजों से डील करना पड़ता है।'

एक्टर ने कहा कि उन्होंने अपने उन अनुभवों से बहुत कुछ सीखा है। विवेक ने कहा, 'मुझे हमेशा विनम्र और दयालु रहने और एक अच्छा इंसान बने रहने का सबक मिला है'। वर्क फ्रंट की बात करें तो विवेक जल्द ही रोहित शेट्टी की कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी के साथ नजर आएंगे। यह सीरीज अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।

# श्रद्धा कपूर की ख्वाहिश

**श्रद्धा** कपूर को आज किसी परिचय की जरूरत नहीं है। साल 2010 में तीन पत्ती से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली श्रद्धा कपूर ने आशिकी 2 से लेकर हैदर तक हिंदी सिनेमा को कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। रोमांटिक और इवेंट बेस्ड फिल्में कर चुकीं एक्ट्रेस ने बायोपिक में लीड रोल तक निभाया। बता दें कि श्रद्धा कपूर 2017 में अंडरवर्ल्ड डॉन और आतंकी दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर की बायोपिक में दिखाई दी थीं अब एक्ट्रेस ने दो दिग्गज कलाकारों के नाम लेकर पर्दे पर उनका रोल निभाने की ख्वाहिश जाहिर की है।




एक रिपोर्ट की मानें तो एक इवेंट में फैन के सवाल पर कि वे कि श्रद्धा कपूर किस ऐतिहासिक पर्सनैलिटी की बायोपिक में काम करना चाहेंगी, भीड़ में से ही किसी ने पद्मिनी कोल्हापुरी की नाम सजेस्ट किया। इस पर एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए हामी भरी और कहा कि वे अपनी मौसी पद्मिनी कोल्हापुरी का किरदार निभाना चाहती हैं। इसके अलावा वे भारत के स्वर कोकिला लता मंगेशकर के रोल में भी बड़े पर्दे पर आना पसंद करेंगी।

श्रद्धा कपूर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा सुझाव है और पद्मिनी कोल्हापुरी मेरी हैं मौसी, वैसे भी, मैं लता मंगेशकर भी कहना चाहूंगी... मेरा मतलब है, यह एक बहुत बड़ा लक्ष्य है, तो यह मेरी मासी और लता मंगेशकर जी हैं।' बताते चलें कि लता मंगेश्कर और श्रद्धा कपूर का आपस में गहरा रिश्ता है। श्रद्धा की मां शिवांगी लता मंगेशकर की भतीजी हैं और इस तरह श्रद्धा लता जी की नातिन हैं।

गौरतलब है कि आज से तीन-चार साल पहले श्रद्धा कपूर बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल की बायोपिक में नजर आने वाली थीं। उन्होंने इस फिल्म के लिए बैडमिंटन खेलना भी सीखा था लेकिन बाद में उनकी जगह परिणीति चोपड़ा को ये रोल मिल गया। फिलहाल श्रद्धा अपनी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर बिजी चल रही हैं जो कि उनकी 2018 की फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। फिल्म में वे राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी के साथ दिखाई देंगी।

# गणेश से गौरी बनने तक सीमित नहीं सुष्मिता सेन की फिल्म, नई क्रांति की कहानी है 'ताली'



सुष्मिता सेन की 'ताली' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. ट्रेलर में सुष्मिता एक ऐसे किन्नर का किरदार निभा रही हैं, जो गणेश से गौरी बनने तक का सफर तय करता है. लेकिन कहानी सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है. ये एक बदलाव की नई पहल भी करता है और ट्रांसजेंडर्स को उनका जीने का हक भी दिलाता है. ट्रेलर में गौरी बनी सुष्मिता सेन कहती हैं- 'मैं गौरी, ये कहानी मेरे जैसे कई लोगों की है. क्योंकि ये गौरी भी कभी गणेश था.' समाज में ट्रांसजेंडर को अब अपना हक मिला है, एक नई पहचान मिली है. लेकिन एक वक्त था जब उन्हें सोसाइटी में कोई दर्जा नहीं दिया गया था.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com